# सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय, मध्यप्रदेश

पत्रकार कॉलोनी, लिंक रोड नम्बर-3, भोपाल- 462016

फोन-0755-2556916, ईमेल- dir.socialjustice@mp.gov.in


क्रमांक/I/249156/2025 भोपाल01-05-2025

प्रति,

**संयुक्त संचालक / उप संचालक**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिरण,

जिला - समस्त, मध्यप्रदेश

**विषय:- दिनांक 23/04/2025 को आयोजित विभागीय वी.सी का कार्यवाही विवरण।**

--00--

दिनांक 23/04/2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभागीय योजनाओं/विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, संचालनालय एवं जिले के अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेसिंग में निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

1. सर्वप्रथम मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में सीपीग्राम पोर्टल से प्राप्त लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। दिनांक 23.04.2025 की स्थिति में कुल 20 शिकायतें लंबित है। लंबित शिकायतों वाले सभी जिलों से जिलेवार लंबित शिकायतों के संबंध चर्चा कर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये गये।
2. समस्त जिला अधिकारियों को अवगत कराया गया कि सीपीग्राम पोर्टल से प्राप्त लंबित शिकायतों का निराकरण सीएस मॉनिट में दर्ज है एवं उक्त शिकायतों की समीक्षा मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा भी की जाती है। अत: प्राथमिकता के आधार पर उक्त शिकायतों का निराकरण निश्चित समायवधि में करने हेतु निर्देशित किया गया।
3. विगत विडियो कॉन्फ्रेसिंग दिनांक 09.04.2025 को अत्यधिक दिवसों से लंबित निम्न शिकायतों में शिकायतवार चर्चा कर निराकरण के निर्देश दिये गये थे, किन्तु उक्त शिकायतें वर्तमान में भी लंबित पाई गई हैं जिनमें कोई कार्यवाही नहीं की गई। पुन: संबंधित समस्त जिलों को उक्त शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

| क्र. | शि.क्र. | नाम | जिला | निकाय | लंबित दिन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19514834 | राजू सिंग | नरसिंहपुर | चावरपाठा (ग्रामीण) | 917 |
| 2 | 21234165 | जीतेन्द्र | ग्वालियर | ग्वालियर (एम कार्पोरेशन) | 782 |
| 3 | 21673141 | ग्जेद्रा बिलगाइया | बालाघाट | लांजी (ग्रामीण) | 748 |
| 4 | 22670240 | मुकेश कुमार | शाजापुर | शाजापुर | 679 |
| 5 | 22982906 | राजेन्द्र सिह | सागर | सागर (न.नि.) | 661 |
| 6 | 24227256 | शुभम | बैतूल | शाहपुर-बेतूल | 588 |
| 7 | 24278201 | नविन | छिन्दवाडा | छिन्दवाडा (न.नि.) | 585 |

4. मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में 100 दिवस से लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। दिनांक 23.04.2025 को कुल 269 शिकायतें 100 दिवस से लंबित पाई गई हैं जिनमें से 226 शिकायतें मात्र 23 जिलों में ही लंबित हैं। जिला भोपाल में सर्वाधिक 29 शिकायतें 100 दिवस से लंबित पाई गई। उक्त सभी जिलों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

5. मुख्यमंत्री हेल्पलाईन कार्यालय द्वारा प्रतिमाह जारी की जाने वाली ग्रेडिंग में विभाग को माह मार्च 2025 में ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। विभाग को सभी विभागों में 8 वा सथान प्रापत हुआ है। उक्त ग्रेडिंग में जिलेवार खराब ग्रेडिंग वाले निम्न जिलों से चर्चा की गई एवं खराब ग्रेडिंग में सुधार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही खराब ग्रेडिंग में अपेक्षित सुधार ना होने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूध्द कार्यवाही किये जाने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। उक्त ग्रेडिंग में एकमात्र भोपाल जिले को सी ग्रेड प्राप्त हुआ है।

| क्र. | जिला | प्राप्त शिकायतें | संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज | 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का वेटेज | निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज | नॉट अटैण्ड शिकायतों का वेटेज | कुल वेटेज | जिले की ग्रेडिंग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 122 | 30 | 12.87 | 10 | 9.67 | 62.54 | C |
| 2 | झाबुआ | 52 | 31.15 | 19.33 | 10 | 10 | 70.48 | B |
| 3 | शिवपुरी | 111 | 35.68 | 15.34 | 10 | 10 | 71.02 | B |
| 4 | अलीराजपुर | 21 | 37.14 | 18.18 | 10 | 10 | 75.32 | B |
| 5 | ग्वालियर | 51 | 42.35 | 13.33 | 10 | 9.8 | 75.48 | B |
| 6 | मंदसौर | 66 | 43.64 | 13.62 | 10 | 9.85 | 77.11 | B |
| 7 | खण्डवा | 118 | 41.69 | 15.66 | 10 | 9.92 | 77.27 | B |
| 8 | छतरपुर | 98 | 43.47 | 14.65 | 10 | 9.9 | 78.02 | B |
| 9 | इन्दौर | 282 | 41.91 | 16.55 | 10 | 9.93 | 78.39 | B |
| 10 | बैतूल | 97 | 45.77 | 13.33 | 10 | 9.69 | 78.79 | B |
| 11 | सीधी | 89 | 45.17 | 14.17 | 10 | 9.89 | 79.23 | B |

6. **igot portal** पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का पंजीयन एवं असाईन 05 कोर्स अनिवार्यत: पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

7. संचालनालय में दिनांक 21/04/2025 को विभागांतर्गत संचालित शासकीय संस्थाओं के अधीक्षक,प्राचार्यो की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

8. विभागांतर्गत दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित शासकीय संस्थाओं में छात्र/छात्राओं की सुविधा एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने तथा भवन संधारण तथा पर्याप्त सफाई व्यवस्था एवं सुरक्षा के संबंध में निर्देशित किया गया।

9. प्रदेश में स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से संचालित वरिष्ठ आश्रमों के वित्तीय

वर्ष 2025-26 के केन्द्रीय अनुदान प्रस्ताव ई-अनुदान पोर्टल पर दर्ज कराये जाकर दिनांक 05/05/2025 तक कलेक्टर की अनुशंसा सहित हार्ड कॉपी संचालनालय को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

10. प्रदेश में स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से संचालित वरिष्ठ आश्रमों के विभागीय मान्यता प्रस्ताव विभागीय मान्यता पोर्टल पर अनिवार्यत: दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया।

11. प्रदेश में नशामुक्ति के क्षेत्र में केन्द्रीय अनुदान से संचालित तथा गैर-अनुदान प्राप्त आवासीय अशासकीय संस्थाओं का वर्ष 2025 के प्रथम त्रिमास (माह जनवरी-मार्च) का गुणवत्ता ऑडिट रिपोर्ट/निरीक्षण विभागीय मोबाईल ऐप से कराकर दिनांक 30/04/2025 तक संचालनालय को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

12. विभागीय पोर्टल पर आनबोर्डेगि हेतु नशामुक्ति से संबंधित संस्थाओं को ऑनबोर्ड करने एवं मासिक रिर्पोट अनिवार्यता: प्रतिमाह ऑनलाईन दर्ज कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

13. शेष 28 जिलें यथा आगर-मालवा, अलीराजपुर, अशोकनगर, बालाघाट, भिण्ड, दमोह, देवास, डिण्डौरी, गुना, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, मैहर, मउगंज, नरसिंहपुर, पाढुंना, रायसेन, रतलाम, सागर, सतना, सिवनी, शाजापुर, श्योपुर, सिंगरौली, उमरिया, भोपाल एवं सीधी आदि जिलों में जिला स्तरीय नशामुक्ति समिति की बैठक अनिवार्यता: दिनांक 30/04/2025 तक आयोजित कर संचालनालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

DEEPAK CHOURSE
MONITORING OFFICER

पृ.क्र/I/249156/2025 भोपाल01-05-2025

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग।
2. समस्त संभागीय आयुक्त मध्यप्रदेश।
3. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
4. समस्त आयुक्त नगर निगम म.प्र.।
5. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, म.प्र।
6. समस्त संयुक्त/उप संचालक, मुख्यालय संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. समस्त संयुक्त/उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला-

समस्त, म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

8. समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर परिषद/नगर पंचायत म.प्र.।
9. समस्त प्रशासकीय अधिकारी, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, म.प्र.।
10. जिला समग्र संयोजक/समस्त समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मध्यप्रदेश।

DEEPAK CHOURSE
MONITORING OFFICER

Digitally signed by
Deepak Kumar Chours
Date: 01-05-2025
16:25:15